# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026


## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान मे खौफ ! चीन से मिलने वाले J-35A फाइटर और PL-17 मिसाइल से बढ़ेगी ताकत।

Publisher

Published on 05 Jun 2025



## भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने चीन से हथियारों की बड़ी डील की, J-35A स्टील्थ जेट और 400 किमी रेंज वाली मिसाइल जल्द होंगे शामिल।

**इस्लामाबाद/बीजिंग/नई दिल्ली : ऑपरेशन सिंदूर** के बाद पाकिस्तान बुरी तरह **अंतरराष्ट्रीय मंच** पर बेइज्जत हुआ था। भारत के इस जबरदस्त **सैन्य ऑपरेशन** के जवाब में अब पाकिस्तान अपनी वायुसेना की ताकत बढ़ाने की फिराक में है। इसी दिशा में पाकिस्तान ने **चीन से J-35A फिफ्थ जनरेशन स्टील्थ फाइटर जेट** और **PL-17 एयर टू एयर मिसाइल** हासिल करने की तैयारी शुरू कर दी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, **पाकिस्तान एयरफोर्स** के कुछ पायलट चीन में इस उन्नत फाइटर जेट की ट्रेनिंग ले रहे हैं और जल्द ही डिलीवरी की प्रक्रिया भी शुरू होने वाली है।

**क्या है J-35A फाइटर जेट की खासियत ?**

१. **5वीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट, जिसे शेनयांग एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन ने विकसित किया है**

२. **मैक 2.0 की स्पीड से उड़ने की क्षमता**

३. **रडार से बचने वाली तकनीक (Low Radar Cross-Section)**

४. **लंबी दूरी तक मिशन अंजाम देने की क्षमता**

५.**हवा मे हीं ईंधन भरने की सुविधा**

**PL-17 मिसाइल : दुश्मन का काल**

१. **PL-17 को खास तौर पर J-35A के लिए डिजाइन किया गया है**

२. **यह एक बियॉन्ड विजुअल रेंज (BVR) एयर-टू-एयर मिसाइल है**

३. **इसकी रेंज लगभग 400 किलोमीटर है**

४. **यह भारत के किसी भी हिस्से मे मौजूद विमानों को टारगेट करने की क्षमता रखती है**

पाकिस्तान को कब मिलेंगे ये हथियार ?

१. **पाकिस्तान ने दिसंबर 2024 मे 40 J-35A फाइटर जेट्स का ऑर्डर दिया था**

२. **डिलीवरी की संभावित तारीख : अगस्त 2025 से जनवरी 2026 के बीच**

३. **डील के तहत मिसाइल सिस्टम भी शामिल है**

४. **हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी तक सामने नहीं आई है**

**ऑपरेशन सिंदूर**: भारत की निर्णायक कार्रवाई

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद '**ऑपरेशन सिंदूर**' को अंजाम दिया था, जिसमें आतंकियों के लॉन्च पैड्स को सटीक निशाना बनाकर ध्वस्त कर दिया गया था।

इस कार्रवाई ने पाकिस्तान को सैन्य और कूटनीतिक दोनों ही मोर्चों पर कमजोर कर दिया था। अब पाकिस्तान चीन की मदद से ताकत बढ़ाने की कोशिश में है।

**विशेषज्ञों की राय**

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह डील भारत के लिए एक सुरक्षा चुनौती है। हालांकि भारतीय वायुसेना के पास **राफेल, सुखोई-30MKI, तेजस मार्क-1A** जैसे उन्नत लड़ाकू विमान पहले से मौजूद हैं, जो किसी भी खतरे का जवाब देने में सक्षम हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.